तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 10 जनवरी 2026

11 पेन करसाड़ में उमड़ा आदिवासी स्वाभिमान का जन सैलाब



12 वाहन सुरक्षा और ट्रैफिक नियमों का होगा कड़ाई से पालन





# ओरछा की जनचौपाल में किया संवाद, अबूझमाड़ क्षेत्र अब हो रहा माओवाद से मुक्त : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा नारायणपुर जिले के अतिसंवेदनशील ग्राम ओरछा पहुंचे। यहां उन्होंने नियद नेल्ला नार योजना के अंतर्गत सम्मिलित पंचायतों के विकास कार्यों को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं समाज प्रमुखों के साथ बैठक की। बैठक में जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों से आए ग्रामीण जनप्रतिनिधि तथा मांझी-चालकी, समाज प्रमुख, गायता, सिरहा, गुनिया सहित सरपंच एवं स्व सहायता समूह के सदस्य उपस्थित थे।


उपमुख्यमंत्री ने सभी से आत्मीय मुलाकात की और कहा कि हिंसा के साथ विकास संभव नहीं है। बस्तर अंचल के हर गांव में शांति और खुशहाली लाने के लिए राज्य सरकार पूरी निष्ठा एवं दृढ़ संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि बस्तर में स्थायी शांति के लिए आवश्यक है कि माओवादी विचारधारा से प्रभावित भटके हुए युवक युवतियों को मुख्यधारा में लौटें, पुनर्वास का भी मार्ग अपनाएं अपने गांव और राज्य के विकास में सहभागी बनें।

उपमुख्यमंत्री ने बताया कि शासन द्वारा ग्राम स्तर पर विकास के मॉडल तैयार किए जा रहे हैं, जिनके माध्यम से महिला समूहों और युवाओं को सशक्त बनाकर स्थानीय वनोपजों का प्रारंभिक प्रसंस्करण गांवों में ही किया जाएगा। इससे ग्रामीण वनोपज संग्राहक से उत्पादक और आगे चलकर व्यवसायी बनेंगे तथा अपने उत्पादों का उचित मूल्य प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि नियद नेल्ला नार योजना के अंतर्गत स्थानीय कैम्प विकास के ▶▶| शेष पेज 10 पर

## ग्राम पंचायतों के विकास पर समाज प्रमुखों से की चर्चा



**ये रहे उपस्थित :** जन चौपाल में जिला पंचायत अध्यक्ष नारायण मरकाम, उपाध्यक्ष प्रताप सिंह मंडावी, छोटे डोंगर सरपंच संध्या पवार, जनपद पंचायत अध्यक्ष नरेश कोर्राम, एडीजी नक्सल ऑपरेशन विवेकानंद सिन्हा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव भीम सिंह, बस्तर कमिश्नर डोमन सिंह, आईजी सुंदरराज पी. उपस्थित थे।



### 20 छात्राओं को दी साइकिल

ग्रामीणों ने बताया कि अब शाम होने पर भी अकेले दूसरे गांव तक जा सकते हैं गांव के माहौल में अब परिवर्तन होने लगा है, जिससे हम ग्रामीण बहुत खुश हैं और सरकार को धन्यवाद देते हैं। ओरछा की स्व-सहायता समूह के सदस्यों के मांग पर गृहमंत्री ने ओरछा में महतारी सदन और स्टोरेज बनाने की आश्वासन दिया। उन्होंने अबुझमाड़ क्षेत्र के ग्राम तोयनार एवं कोड़मेटा में सड़क निर्माण कार्य स्वीकृति की जानकारी दी। बस्तर संभाग के पुरे क्षेत्र को शांति बनाए रखने के लिए उपस्थित समाज प्रमुख एवं जनप्रतिनिधियों से अपील की। उन्होंने बस्तर का पूरा अंचल संस्कृति, परम्परा एवं सभ्यता के लिए पूरे विश्व में जानी जाती है, उसे संरक्षित करके रखने की आवश्यकता है। उपमुख्यमंत्री ने वनोपजों के बेहतर प्रसंस्करण एवं बाजार उपलब्धता पर भी चर्चा की। इसके पश्चात उन्होंने निःशुल्क सरस्वती सायकल योजना के तहत 20 छात्राओं को सायकल वितरण की।

## खबर संक्षेप

### बस्तर के 70 युवा दिखाएंगे दमखम

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के 70 युवाओं ने अग्निवीर भर्ती की लिखित परीक्षा सीईई उत्तीर्ण कर ली है और अब वे शारीरिक दक्षता परीक्षण के लिए तैयार हैं। धमतरी में आयोजित होने वाली भर्ती रैली में ये युवा अपना दमखम दिखाएंगे। ऑनलाइन परीक्षा में सफल होने वाले इन आवेदकों के लिए यह सुनहरा अवसर है।

### दलपत सागर में शहरवासी करेंगे स्वच्छता के लिए श्रमदान आज

**जगदलपुर।** दलपत सागर में शहर के स्वच्छता प्रेमियों का निरंतर सहयोग मिल रहा है। दीपोत्सव के पावन अवसर पर स्वच्छता श्रमदान का आयोजन किया जा रहा है। 10 जनवरी को प्रातः 8 बजे से स्वच्छता अभियान में शहर के लोग श्रमदान करेंगे।

### वेयरहाउस प्रकरण में जिम्मेदार 7 अधिकारी को किया जाए निलंबित



**जगदलपुर।** जनता कांग्रेस के संभागीय अध्यक्ष एवं दंतेवाड़ा जिला के रेमो मरकामी, संभागीय महामंत्री राम नाथ नेगी ने संयुक्त बयान में गीदम वेयरहाउस के जिम्मेदार अधिकारियों को निलंबित किए जाने के साथ जांच में पारदर्शिता रखने के लिए प्रभार से मुक्त करने की मांग की है। पार्टी के पदाधिकारियों की टीम दंतेवाड़ा जिले के गीदम वेयरहाउस में रखे चावल के गुणवत्ता की जांच कर उसकी रिपोर्ट प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी एवं संभागीय अध्यक्ष नवनीत चांद को सौंपी है। इस विषय में जारी संयुक्त बयान में कहा गया है कि इस पूरे मामले को लेकर वेयरहाउस के एमडी, नागरिक आपूर्ति निगम तथा खाद्य मंत्रालय के सचिव एवं संबंधित मंत्री के सामने रखकर निष्पक्ष जांच की मांग की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह गंभीर मामला है जो जनता से जुड़ा है। राज्य सरकार से जनता कांग्रेस मांग करती है कि पारदर्शिता से तथ्य सामने आए। नवनीत ने कहा है कि बस्तर में जनप्रतिनिधियों के साथ प्रशासनिक अधिकारी भी जनता के प्रति उदासीन हो गए हैं । लापरवाहियां आम बात हो गई है।

### बाल देखरेख संस्था अधीक्षक भर्ती परीक्षा 18 को

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत बाल देखरेख संस्था अधीक्षक के पदों पर भर्ती के लिए आयोजित होने वाली परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। कलेक्टर हरिस एस के निर्देशानुसार परीक्षा को पूरी तरह से पारदर्शी, शांतिपूर्ण और नकल रहित बनाने के लिए प्रशासनिक अमला मुस्तैद हो गया है। यह महत्वपूर्ण परीक्षा 18 जनवरी को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित की जाएगी। जगदलपुर शहर में परीक्षा के लिए दो केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जहां कुल 1045 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे।

## जिले के अतिसंवेदनशील जगरगुंडा पहुंचे उपमुख्यमंत्री

# अब नक्सली हिंसा नहीं, विकास बनेगा सुकमा की नई पहचान : डिप्टी सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर के अति संवेदनशील इलाकों में विकास की नई किरण पहुंचाने के संकल्प के साथ उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा सुकमा के जगरगुंडा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बैठक में आए पारंपरिक समाज प्रमुखों गायता, सिरहा, पुजारी, बैगा और जनप्रतिनिधियों के साथ आत्मीय मुलाकात की। जिसमें समाज प्रमुखों ने हिंसा के दौर में विकास के गांव तक नहीं पहुंचने के संबंध में विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने बताया कैसे पहले कोई भी विकास कार्य ग्राम में आता तो नक्सलियों द्वारा उनको कभी पूरा होने नहीं दिया जाता था। जिससे ग्राम में आधारभूत सुविधाओं का भी अभाव है। जिस पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि अब हिंसा नहीं बल्कि विकास सुकमा की नई पहचान बनेगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में शासन द्वारा ऐसे क्षेत्रों में जहां विकास माओवादी गतिविधियों के कारण बाधित हो गया था, उनके लिए तीव्र विकास हेतु नियद नेल्ला नार योजना चलाई जा रही है। जहां सुरक्षा कैंप केवल नक्सलवाद को रोकने के लिए नहीं, बल्कि सरकारी योजनाओं को ग्रामीणों तक पहुंचाने के सुविधा केंद्र के रूप में कार्य कर रहे हैं और कई गांव जहां सड़क, बिजली, पेयजल की समस्या थी वहां अब ये सुविधाएं पहुंच रहीं हैं।



श्री शर्मा ने बताया कि शासन द्वारा ऐसे ग्राम जो अपने सभी भटके हुए युवाओं को मुख्यधारा में वापस लाकर खुद को सशस्त्र नक्सल हिंसा मुक्त घोषित करेंगे, उन्हें इलवद पंचायत योजना से 1 करोड़ रुपये की अतिरिक्त विकास राशि प्रदाय की जाएगी। इसके साथ ही संबंधित जनपद सदस्य को 10 लाख और जिला पंचायत सदस्य को 15 लाख रुपये की राशि क्षेत्र के विकास हेतु प्रदान की जाएगी। यह राशि गांव के सर्वांगीण विकास और बुनियादी ढांचे के लिए सीधे उपयोग की जा सकेगी।

### वनोपज संग्राहक बनेंगे व्यापारी

उपमुख्यमंत्री ने कहा बस्तर अंचल के वनोपजों से ग्रामीण केवल वनोपज संग्राहक से अब व्यवसायी बनने का सफर तय कर रहे हैं, बस्तर के गांवों में विकास का मॉडल तैयार हो रहे हैं। अब ग्रामीण केवल वनोपज इकट्ठा नहीं करेंगे, बल्कि गांवों में ही प्रोसेसिंग यूनिट लगाकर उत्पादक और व्यवसायी बनेंगे। गांव के वनोत्पादों को भी उचित मूल्य प्राप्त होगा, प्रसंस्करण से अभी के मुकाबले 4 से 5 गुना ▶▶| शेष पेज 10 पर



### पीएचसी बुरड़ी, गगनपल्ली और किस्टाराम को सर्टिफिकेट

स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पीएचसी बुरड़ी, गगनपल्ली और किस्टाराम को उपमुख्यमंत्री ने नेशनल क्वालिटी एसस्यूरेंश स्टैण्डर्ड सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री शर्मा ने स्वास्थ्यकर्मियों के क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था की भी जानकारी ली एवं उन्हें उत्कृष्ट सेवाओं के लिए प्रोत्साहित किया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष कोंटा कुसुमलता कोवासी, नगर पालिका परिषद सुकमा अध्यक्ष हुंगाराम मरकाम, नगर पंचायत दोरनापाल अध्यक्ष राधा नायक, जिला पंचायत सदस्य कोरसा सन्नू, हुंगा राम मरकाम, सरपंच जगरगुंडा नित्या कोसमा, सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास भीम सिंह, एडीजी विवेकानंद सिन्हा, कमिश्नर डोमन सिंह, आईजी पी सुंदरराज, संचालक अश्विनी देवांगन, कलेक्टर अमित कुमार, एसपी किरण चव्हाण, जनप्रतिनिधि धनीराम बारसे, नूपुर वैदिक, श्र विश्वराज चौहान, बलिराम नायक, रंजीत बारठ तथा अन्य जनप्रतिनिधि और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## किसान की बाड़ी में किया जंगली जानवर ने हिरण का शिकार

**जगदलपुर/बस्तर।** जिले के ग्राम पंचायत लामकेर अंतर्गत सालेमेटा-2, जुनागुड़ा पारा में एक हिरण के जंगली जानवर द्वारा शिकार होने से इलाके में दहशत का माहौल बन गया है। बताया जा रहा है कि हिरण जंगल से जान बचाकर गांव की ओर भागा था, लेकिन एक किसान की बाड़ी में जंगली जानवर ने उस पर हमला कर दिया। घटना के बाद क्षेत्र में तेंदुए की मौजूदगी की आशंका जताई जा रही है।

ग्राम पंचायत के सरपंच राजेंद्र कश्यप ने बताया कि घटनास्थल पर जंगली जानवर के पंजों के निशान मिले हैं, इसी आधार पर वन विभाग ने प्रथम दृष्टया आशंका जताई है कि हिरण का शिकार तेंदुए द्वारा किए जाने की संभावना है। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया, विभाग ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि हमला किस वन्य प्राणी ने किया था। वहीं ग्राम पंचायत लामकेर, सालेमेटा-2 सहित आसपास के गांवों में सतर्कता बढ़ा दी गई है। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे जंगल या झाड़ियों में अकेले न जाएं, समूह में ही जाएं और पूरी सावधानी बरतें। अनावश्यक रूप से जंगल की ओर ▶▶| शेष पेज 10 पर



■ तेंदुए के होने की आशंका से ग्रामीणों में दहशत

### गतिविधियों पर हो रही निगरानी

वन विभाग के भानपुरी एसडीओ इंद्रप्रसाद बंजारे ने बताया कि इसकी जांच रिपोर्ट आने तक क्षेत्र में अलर्ट जारी रहेगा और हालात पर लगातार नजर रखी जा रही है। इसके साथ ही इलाके में ट्रैक कैमरे लगाने की योजना पर भी काम किया जा रहा है, ताकि जंगली जानवरों की गतिविधियों पर निगरानी रखी जा सके। साथ ही शिकार में मृत हिरण के शव को जंगल में छोड़ा गया और आसपास ट्रैक कैमरे लगाए गए हैं।

## आईटीआर बीजापुर का घायल टायगर स्वस्थ होकर लौटेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बीजापुर जिले के इंद्रावती टायगर रिजर्व से भेजे गए घायल टायगर का जंगल सफारी में इलाज जारी है। घायल टायगर का उपचार कर रहे डाक्टरों के अनुसार इलाज के बाद उसकी हालत में सुधार दिखाई दे रहा है। उसके जल्द ही सामान्य स्थिति में आने की उम्मीद है। सफारी में मौजूद वन्य प्राणियों के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम टायगर की सतत निगरानी कर रहे हैं और उनके जल्द ही स्वस्थ होने की उम्मीद कर रहे हैं। घायल टायगर का इलाज विशेषज्ञ डाक्टरों की निगरानी में किया जा रहा है, बहुत जल्दी उसके हालत में सुधार की उम्मीद है।

■ टायगर का जंगल सफारी में किया जा रहा इलाज

बताया जा रहा है कि बीजापुर में इंद्रावती टाइगर रिजर्व के बफर जोन के ग्राम कांदुलनार, मोरमेड़ और तोयनार गांवों के बीच घने जंगल में 8 माह पूर्व ग्रामीणों द्वारा एक घायल टायगर देखे जाने की सूचना मिली थी। इसके बाद वन विभाग की टीम ने टायगर को ट्रैंकुलाइज कर रेस्क्यू किया एवं घायल टायगर का बीजापुर में प्राथमिक उपचार के बाद जख्म की गंभीरता को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए जंगल सफारी रायपुर रिफर किया था, जहां उपचार किया जा रहा है। इंद्रावती टाइगर रिजर्व बीजापुर के निदेशक संदीप बलगा ने बताया कि घायल टायगर का जंगल सफारी में डॉक्टरों की टीम इलाज कर रही है।



## जांच में पहले दिन पहुंची 22 स्कूल बस, दिए प्रमाणपत्र



**जगदलपुर।** परिवहन विभाग की ओर से पहले दिन शुक्रवार को 90 में से 22 स्कूल बस पहुंचे, जिनकी आरटीओ, उड़नदस्ता प्रभारी, यातायात ने जांच की। जांच में दिप्ती कान्वेंट के 8, विद्याज्योति स्कूल के 4, ज्ञानोदय स्कूल के एक, माउंट स्कूल के 8 एवं एमजीएम स्कूल के एक स्कूल बसें शामिल हैं। स्कूल बसों में अग्निशमन, मेडिकल किट, परमिट, बीमा, वाहन का टैक्स, प्रदूषण सहित मोटर यान अधिनियम 1988 के प्रावधानों के तहत वाहनों का उपयुक्तता प्रमाण पत्र मिले। शेष 68 स्कूल बस शनिवार को पहुंचकर जांच कराएंगे, अन्यथा वाहन का पंजीयन निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। आरटीओ ने जिले के शैक्षणिक संस्थान स्कूल, कालेज, आईटीआई में संचालन होने वाली समस्त शैक्षणिक संस्थान वाहनों को नोटिस दिया गया था।

**सख्त कार्रवाई की जाएगी :** संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने शैक्षणिक संस्थानों को कहा कि बच्चों के साथ खिलवाड़ नहीं करें, अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## शहरवासियों को साफ पेयजल देने में नाकाम हो रही निगम सरकार : चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नेता प्रतिपक्ष के नेतृत्व में पार्षदगण ने पॉवर हाउस स्थित फिल्टर प्लांट की सफाई करने व दूषित पानी से शहरवासियों को राहत दिलाने की मांग को लेकर नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा।

नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने बताया विगत दिनों फिल्टर प्लांट पावर हाउस में कांग्रेस का पार्षद दल निरीक्षण करने पर पाया कि फिल्टर प्लांट में उचित सफाई व्यवस्था नहीं है। जिससे शहरवासियों को दूषित जल पीने के कारण बीमारियों की आशंका दिखाई पड़ रही है। टंकी बनाई गई है उसकी सफाई प्रतिवर्ष किया जाना है। परंतु वहां 2024 के बाद अब तक सफाई नहीं हुई है जो कि दूषित पानी सप्लाई का एक बड़ा कारण दिखाई पड़ता है। साथ ही ओवरहेड टैंक की सफाई की तारीख 26 दिसंबर 2026 अंकित है जिस विषय पर अब तक क्या कार्रवाई की गई है, उससे हम अनभिज्ञ हैं । यह भी स्पष्ट किया जाना चाहिए जो फिल्टर टैंक चल रहे हैं उसमें भी ज्यादा मात्रा में काई और गंदगी जमा रहने का जमाव दिखाई दे रहा है। जिसकी सफाई कर्मचारियों द्वारा प्रति माह किया जा सकता है परंतु काफी समय से सफाई नहीं होने के कारण ज्यादा गंदगी व काई जमा हुआ है।



गहरी टंकियां जिसकी गहराई लगभग 20 फीट है जिसमें सुरक्षा की कमी दिखाई पड़ती है। तथा सुरक्षा गार्ड की भी आवश्यकता महसूस की जा रही है। नेता प्रतिपक्ष ने बताया नगर सरकार शहरवासियों को साफ पेयजल देने में नाकाम साबित हो रही है। जिससे बीमारियां बढ़ने की आशंका दिखाई दे रही है। कांग्रेस आग्रह करती है कि सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए जलप्रदाय से संबंधित साफ सफाई समय अनुसार एवं दृढ़ता पूर्वक करने कार्य किया जाए। अन्यथा कांग्रेस आगामी दिनों में जनहित को देखते हुए आंदोलन हेतु बाध्य होगी।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान पार्षद विक्रम सिंह डांगी, जाहिद हुसैन, सुशीला बघेल, शुभम यदू, राकेश मौर आदि मौजूद रहे।

## नक्सल प्रभावित क्षेत्र के चीतालूर में उपकेन्द्र बनने से 13 ग्रामीणों को मिली राहत

# 11 केवी 15 व 33 केवी लाइन 2 किमी बिछाकर किया उपकेन्द्र को चार्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग अंतर्गत दंतेवाड़ा के नक्सल प्रभावित चीतालूर क्षेत्र में विद्युत कंपनी ने लगभग 2.5 करोड़ रुपए की लागत से 15 किमी लंबी 11 केव्ही एवं 33 केव्ही 2 किमी लाइन बिछाकर सब स्टेशन स्थापित किया गया और 3.15 एमवीए को चार्ज किया। जिससे क्षेत्र के 13 गांवों को बिजली मिली और ग्रामीणों को राहत मिली है। विद्युत कंपनी के प्रयासों से ग्रामीणों में खुशी की लहर है, जहां वर्षों बाद रोशनी पहुंची है। अब दूरदराज के इलाकों के घरों में भी बिजली की रोशनी दिख रही है। साथ ही 13 गांव के 750 उपभोक्ताओं को बार-बार बिजली बंद होने और लो-वॉल्टेज से राहत मिली। इससे क्षेत्रों में विकास के नए रास्ते खुल रहे हैं, जिससे ग्रामीण अपना भविष्य संवार रहे हैं। उपकेन्द्र चार्ज के दौरान ईडी के साथ अधीक्षण अभियंता केव्ही मैथ्यू, प्रोजेक्ट के अधीक्षण अभियंता एनके पोयाम, दंतेवाड़ा के कार्यपालन अभियंता बीसी सिंह, सिविल के कार्यपालन अभियंता नंद कुमार मांझी, एसटीएम व सतर्कता के कार्यपालन अभियंता अमर भगत आदि अधिकारी, कर्मचारी एवं ग्रामीण शामिल रहे।

■ चीतालूर में उपकेन्द्र से 13 गांवों के 750 उपभोक्ता लाभान्वित





### उम्मीद की नई रोशनी देख रहे

चीतालूर क्षेत्र के ग्रामीणों ने बिजली बहाल होते ही ग्रामीणों ने विद्युत कंपनी का आभार जताया। लोगों ने कहा कि लंबे समय तक डर के साए में जीने वाले लोग अब उम्मीद की नई रोशनी देख रहे हैं।

### हरसंभव बिजली बहाल करें

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक टीके मेश्राम ने क्षेत्र के कार्यपालन अभियंता सहायक एवं कनिष्ठ अभियंताओं को निर्देश दिए कि ग्रामीणों की बिजली बंद होने की शिकायत तत्काल स्थल में पहुंचे और हरसंभव बिजली बहाल करें।

## मेरिट में आने पर मिलेगा छात्र को 25 हजार : बघेल

**जगदलपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल ने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोटानार का आकस्मिक निरीक्षण किया । इस दौरान वे प्रार्थना सभा में सहभागिता करते हुए विद्यार्थियों को आगामी बोर्ड परीक्षाओं के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन एवं परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता हेतु प्रेरित करते हुए यह घोषणा की कि बोर्ड परीक्षा में मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले प्रत्येक विद्यार्थी को 25 हजार की नकद राशि प्रदान की जाएगी। वे संस्था प्रमुख तथा विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ चर्चा कर बोर्ड, प्रायोगिक एवं प्री-बोर्ड परीक्षा की तैयारियों पर बेहतर परिणाम प्राप्त करने आवश्यक मार्गदर्शन दिए। उन्होंने समन्वित प्रयास करते हुए विद्यालय, विकासखंड एवं जिले का नाम गौरवान्वित करने का आह्वान किया।



## खबर संक्षेप

### आदेश्वर पब्लिक स्कूल चिखलपुटी में आज लगेगा आधार शिविर

**कोण्डागांव।** पोस्ट ऑफिस कोंडागांव द्वारा आदेश्वर पब्लिक स्कूल, चिखलपुटी में आज शनिवार को आधार नामांकन एवं सुधार शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर के दौरान आधार में नाम, पता, जन्मतिथि सहित अन्य विवरणों में सुधार कार्य किया जाएगा। साथ ही जिन नागरिकों का आधार कार्ड अभी तक नहीं बना है, उनके लिए नए आधार कार्ड भी बनाए जाएंगे। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में होगा आयोजन यह शिविर अधीक्षक डाकघर बस्तर संभाग, जगदलपुर के आदेशानुसार आयोजित किया जा रहा है। आयोजन उप–संभागीय निरीक्षक डाक आर. एस. मिश्रा एवं मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव शेख रूहुल ताज के मार्गदर्शन में संपन्न होगा। डाक विभाग द्वारा क्षेत्रवासियों से अपील की गई है कि वे निर्धारित तिथि को शिविर में उपस्थित होकर आधार से संबंधित सेवाओं का लाभ उठाएं।

### केशकाल फोरलेन बाईपास निर्माण का रास्ता साफ

**केशकाल।** केशकाल बाईपास का निर्माण कार्य अब जल्द ही शुरू होगा दुर्ग की अमर कंस्ट्रक्शन कंपनी को केशकाल बाईपास का ठेका प्राप्त हुआ है। लगभग 280 करोड़ की लागत से बनने वाली फोरलेन बाईपास के लिए लगभग 25 बड़े ठेकेदारों ने आवेदन प्रस्तुत किया था लेकिन 38% बिलों रेट पर यह ठेका दुर्ग की अमर कंस्ट्रक्शन कंपनी को प्राप्त हुआ है प्राप्त सूत्रों के अनुसार जल्द अमर कंस्ट्रक्शन अब केशकाल बाईपास का काम शुरू करने जा रही है और आने वाले कुछ सालों के अंदर केशकाल का फोरलेन बाईपास बनकर लोगों को तैयार मिलेगा। केशकाल के विधायक नीलकंठ टेकाम बाईपास की नवीन स्वीकृति के लिए दिल्ली तक पहुंच लगाई थी जिसके बाद केंद्र में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने विधायक की बात पर मोहर लगाते लगाते हुए टू लेन की जगह फोरलेन बाईपास का बायपास स्वीकृत करते हुए लगभग 280 करोड़ की स्वीकृति दी थी जिसका अब टेंडर अमर कंस्ट्रक्शन कंपनी को प्राप्त हो चुका है केशकाल के निवासियों एवं बस्तर से गुजरने वाले राहगीरों को भी केशकाल बायपास सड़क जल्द बनाने की मांग थी जो अब जल्द बनाकर पूरी होगी।

### राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को दावा आपत्ति निराकरण की दी गई जानकारी

**कोण्डागांव।** अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में मंगलवार को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कोण्डागांव अजय उरांव द्वारा निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत नो मैपिंग कैटेगरी के मतदाताओं को जारी नोटिस, उनकी सुनवाई तथा दावा–आपत्ति निराकरण के संबंध में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अवगत कराया गया कि 5 जनवरी 2026 को कुल 1007 मतदाताओं की सुनवाई कर उनका निराकरण किया गया। साथ ही जिन मतदाताओं द्वारा आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए हैं, उन्हें आगे पुनः अवसर प्रदान किया गया है। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को प्रपत्र क्रमांक 9, 10, 11, 11(ए) एवं 11(बी) की एक–एक प्रति उपलब्ध कराई गई।

### एनडीआरएफ की टीम ने बताए बचाव के तरीके और जीवन रक्षक उपाय

# बाढ़ से बचाव को लेकर ग्राम बम्हनी में हुआ मॉकड्रिल

**फरसगांव।** राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, 03 वाहिनी एनडीआरएफ मुण्डली कटक (ओडिसा) तथा छत्तीसगढ़ राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, राजस्व, एवं आपदा प्रबंधन विभाग एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कोण्डागांव के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को बाढ़ से निपटने हेतु कोण्डागांव जिला में बाढ़ से बचाव परिदृश्य पर मॉक एक्सरसाइज का सफल आयोजन ग्राम बम्हनी में किया गया। मॉक ड्रिल को देखने बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।



एनडीआरएफ टीम द्वारा बाढ़ की स्थिति में खुद को सुरक्षित रखने, फंसे लोगों के रेस्क्यू, तथा प्राथमिक उपचार की पूरी प्रक्रिया का लाइव प्रदर्शन किया गया। टीम ने बताया कि बाढ़ के समय घबराने के बजाय सही जानकारी और संसाधनों का उपयोग कर जान बचाई जा सकती है। यह मॉक एक्सरसाइज एनडीआरएफ कटक के कमांडर डॉ. नवीन कुमार, टीम कमांडर, इंस्पेक्टर हीरा सिंह, सब इंस्पेक्टर श्री राजपाल गुर्जर एवं श्री विवेक पाण्डे के मार्गदर्शन में आयोजन हुआ, जिसमें जिला प्रशासन की ओर से नियुक्त नोडल अधिकारी संयुक्त कलेक्टर श्री वहीदुर्रहमान इंसिडेंट कमांडर श्री किशोर शर्मा, अधीक्षक भू अभिलेख सुश्री सुषमा मंडावी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

#### राहत व बचाव सामग्रियों की दी गई जानकारी

मॉक ड्रिल के दौरान बाढ़ राहत एवं बचाव में प्रयोग होने वाली सामग्रियों की विस्तार से जानकारी दी गई, जिनमें प्रमुख रूप से लाइफ जैकेट व पाइप बॉय जो तेज बहाव में तैरने और संतुलन बनाए रखने में सहायक होता है। रेस्क्यू रोप व बोट जो फंसे लोगों तक पहुंचने और सुरक्षित निकालने के लिए उपयोग में लाया जाता है। प्लास्टिक की खाली बोतलें जिसे आपस में बांधकर अस्थायी फ्लोटेशन डिवाइस के रूप में प्रयोग किया जा सकता है। बांस व नारियल जो ग्रामीण क्षेत्रों में आसानी से उपलब्ध होता है जो तैरने में सहायक होते हैं। टीम ने यह भी बताया कि घर पर उपलब्ध साधनों से अस्थायी जीवन रक्षक उपकरण कैसे तैयार किए जा सकते हैं, ताकि आपात स्थिति में तत्काल सहायता मिल सके।

#### सीपीआर प्रक्रिया को भी प्रायोगिक रूप से समझा

ड्रिल के दौरान यह दिखाया गया कि बाढ़ में फंसे व्यक्ति को किस रणनीति से सुरक्षित बाहर निकाला जाता है और रेस्क्यू के बाद उसे प्राथमिक उपचार कैसे दिया जाता है और उसके बाद स्वास्थ्य केंद्र तक सुरक्षित पहुंचाया जाता है। डॉक्टरों द्वारा सीपीआर की प्रक्रिया को भी प्रायोगिक रूप से समझाया गया। इस अवसर पर ग्राम बम्हनी के विज्ञान संकाय के कक्षा 11वीं के छात्र टिकेन्द्र पानीग्राही ने सीपीआर की पूरी प्रक्रिया स्वयं कर के देखी। उन्होंने बताया कि यह उनका पहला अनुभव था, जिससे सीपीआर को समझना उनके लिए आसान हो गया।

उक्त मॉक एक्सरसाइज का आयोजन कर बाढ़ से निपटने के लिए जानकारी दी गई और लोगों को जनजागरूक किया गया। विकासखंड कोंडागांव के ग्राम बम्हनी में जवाई मुंडा तालाब पर रेस्क्यू ऑपरेशन चला कर जान बचाया गया एवं तत्काल उन्हें चिकित्सा सुविधा हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बम्हनी ले जाया गया। इस अभियान में पुलिस विभाग, जिला सेनानी और स्वास्थ्य विभाग, जिला आपदा मोचन प्रबंधन बल, रेड क्रॉस सोसाइटी की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## बोरगांव जंगल मे मिला अज्ञात युवक का सड़ा गला शव



**फरसगांव।** थाना क्षेत्र के बोरगांव से पांडेआठगांव जाने वाले रोड में स्तिथ बोरगांव जंगल मे शुक्रवार को पेड़ के नीचे सड़ा गला अज्ञात शव मिला है। मृतक युवक की पहचान नही हो पाई है। पेड़ और मृतक के गले में गमछा बंधा हुआ है। शव को देखने से प्रतीत हो रहा है कि शव 5-6 दिन पुराना है। जिसके चलते वह सड़ने लगा है और उससे बदबू भी आ रही है। फरसगांव पुलिस के द्वारा फॉरेंसिक टीम की मदद से घटना स्थल का निरीक्षण के पश्चात मृतक की पहचान हेतु उसके शव का डीएनए टेस्ट के लिए जगदलपुर मेडिकल कॉलेज भेजा गया है ।

- 5–6 दिन पुराना शव, पहचान के लिए डीएनए जांच का सहारा

फरसगांव थाना प्रभारी निरीक्षक विकास चंद्र राय ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार की सुबह सूचना मिली कि बोरगांव जंगल में अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने की सूचना पर पुलिस टीम तत्काल घटना स्थल पहुचकर जांच में जुट गई। पेड़ के नीचे अज्ञात युवक का सड़ा गला अवस्था में शव पड़ा हुआ था। युवक के गले में और पेड़ पर गमछा बंधा हुआ था । जिसे देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि युवक के द्वारा फांसी लगाया गया है। गमछा टूट जाने से उसका शव जमीन पर गिर गया है।

शव 5-6 दिन पुराना लग रहा हैं। जिसके कारण शव सड़ने लगा है और उससे बदबू भी आने शुरू हो गया है। मृतक की जिसकी उम्र करीब 30-40 वर्ष की लग रही है। मृतक ने आसमानी नीला टी-शर्ट और नीला जींस पहना हुआ है। घटना स्थल के पास व मृतक के पास से पहचान हेतु कोई भी सामान नहीं पाया गया है। फोरेंसिक टीम बुलाकर मौके पर निरीक्षण करवाया है। मृतक के बारे में कोई पहचान नही उसे डीएनए सेम्पल हेतु शव को मेडिकल कॉलेज जगदलपुर भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं डीएनए सैंपल आने के पश्चात ही मृतक और मौत के कारण स्पष्ट हो पाएगा। फिलहाल फरसगांव पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है ।

## हरवेल विद्यालय में 9वीं की छात्राओं को दी गई निःशुल्क साइकिल



**कोण्डागांव।** कोंडागांव जिले के विकासखण्ड बड़ेराजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत हरवेल स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित सरस्वती सायकल योजना के तहत कक्षा 9वीं में अध्ययनरत पात्र छात्रओं को निःशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम शैक्षणिक सत्र 2024–25 के अंतर्गत आयोजित हुआ।

- सरस्वती सायकल योजना से बालिका शिक्षा को मिला प्रोत्साहन

सरस्वती सायकल योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रें में बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करना तथा हाई स्कूल स्तर पर छात्रओं की ड्रॉप–आउट दर को कम करना है। साइकिल मिलने से छात्रओं को विद्यालय आने–जाने में सुविधा मिलेगी। निःशुल्क साइकिल प्राप्त होने पर छात्रओं में उत्साह देखने को मिला। छात्रओं ने कहा कि अब विद्यालय आने–जाने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी और वे नियमित रूप से पढ़ाई कर सकेंगी।

#### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जनपद सदस्य सुषमा दिनेश मरकाम, सरपंच महेश नेताम, शाला विकास एवं प्रबंधन समिति अध्यक्ष धन्नू राम पटेल, सोपसिंह नेताम, जयलू मरकाम, मलसाय मरकाम, संस्था के प्राचार्य शंभूराम सूर्यवंशी, वरिष्ठ व्याख्याता जयराम मरकाम, रामसाय नाग, चंदू मरकाम, जितेंद्र बोध, सरिता मरकाम सहित समस्त शिक्षक–शिक्षिकाएं, छात्रओं के पालकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## बालेंगा में छात्राओं को मिला साइकिल का सहारा



**कोण्डागांव।** कोंडागांव जिले के विकासखंड बड़ेराजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बालेंगा स्थित शासकीय हाई स्कूल परिसर में गुरुवार 08 जनवरी को छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित सरस्वती साइकिल योजना के तहत कक्षा 9वीं में अध्ययनरत पात्र छात्रओं को निःशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद पंचायत बड़ेराजपुर अध्यक्ष सुखमन नेताम ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस योजना से छात्रओं को अब विद्यालय आने–जाने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। पहले दूर–दराज से पैदल आना पड़ता था, लेकिन साइकिल मिलने से समय की बचत होगी और नियमित उपस्थिति सुनिश्चित होगी। उन्होंने इसे शासन–प्रशासन की एक सराहनीय पहल बताया।

**बालिका शिक्षा को मजबूती :** सरस्वती साइकिल योजना का उद्देश्य ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रें में बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करना तथा हाई स्कूल स्तर पर छात्रओं की ड्रॉप–आउट दर को कम करना है। साइकिल पाकर छात्रओं के चेहरे खुशी से खिल उठे।

**ये रहे उपस्थित :** कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष सुखमन नेताम, सरपंच सुकमन मरकाम, उपसरपंच साहेब नेताम, शिवलाल मरकाम, सुखमन सलाम, सोमलाल नेताम, हिरासिंह नेताम, अजय नेताम, रूपसिंह मंडावी, सुखधर यादव, फूलमती नेताम सहित अन्य जनप्रतिनिधि व हाई स्कूल बालेंगा के प्रभारी प्राचार्य रामसिंह खुर्सामे, शिक्षक छबिलाल साहू, संजय सोम, उम्मे रूबाब सहित समस्त शिक्षक–शिक्षिकाएं एवं छात्र–छात्रएं मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से संवर रही किसान नंदलाल की खेती

**कोण्डागांव।** ग्राम बड़ेबेन्दरी निवासी किसान नंदलाल राठौर ने बताया कि उनके पास कुल 5 एकड़ कृषि भूमि है, जिसमें उन्होंने मेहनत और आधुनिक कृषि पद्धतियों से 104 क्विंटल धान का उत्पादन किया। उपार्जन केंद्र में समर्थन मूल्य पर धान विक्रयें उचित मूल्य प्राप्त हुआ।



धान विक्रय से प्राप्त राशि से नंदलाल ने अपने परिवार की आवश्यक जरूरतों को पूरा किया और साथ ही आगामी फसल के लिए कृषि कार्यों में निवेश करने की योजना बनाई। उन्होंने बताया कि रबी फसल के मौसम में मक्का की खेती करने की तैयारी की जा रही है। नंदलाल को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का भी लाभ मिल रहा है, जिसके अंतर्गत उन्हें प्रतिवर्ष 6,000 रुपये की सहायता राशि तीन किस्तों में प्राप्त होती है। यह राशि खेती–बाड़ी से जुड़ी छोटी आवश्यकताओं एवं घरेलू जरूरतों को पूरा करने में सहायक सिद्ध हो रही है।

किसान नंदलाल राठौर ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी व्यवस्था तथा किसानों के हित में संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं के लिए शासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन योजनाओं से किसानों को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिल रही है।

## एनएच-30 चौड़ीकरण की तैयारी, केशकाल में चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान



**केशकाल।** बस्तर की लाइफ लाइन माने जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 30 को सुगम और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से केशकाल नगर में अतिक्रमण हटाओ अभियान की शुरुआत कर दी गई है। लंबे समय से जर्जर हालत में पड़े मार्ग के जीर्णोद्धार एवं चौड़ीकरण कार्य के मद्देनज़र प्रशासन ने यह कार्रवाई शुरू की है, ताकि यातायात व्यवस्था बेहतर हो सके और दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार केशकाल नगर क्षेत्र में अतिक्रमण की सूची में लगभग 182 लोगों के नाम शामिल हैं। इन सभी को पूर्व में नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाने की सूचना दी गई थी। इसके बाद शुक्रवार से नगर में चरणबद्ध तरीके से तोड़-फोड़ एवं अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई प्रारंभ की गई। अभियान के दौरान राजस्व विभाग का अमला, नगर पंचायत के अधिकारी एवं कर्मचारी मौके पर तैनात हैं और पूरी प्रक्रिया की निगरानी कर रहे हैं। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए जिला पुलिस बल एवं स्थानीय पुलिस के जवानों को भी पर्याप्त संख्या में तैनात किया गया है।

**चौड़ीकरण से जाम से मिलेगी निजात, दुर्घटनाओं में आएगी कमीः प्रशासन :** प्रशासन का कहना है कि NH-30 के चौड़ीकरण के बाद केशकाल नगर सहित घाटी क्षेत्र में यातायात सुचारू होगा, जाम की समस्या से राहत मिलेगी और सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी। अधिकारियों ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाकर विकास कार्यों में सहयोग करें, ताकि सड़क निर्माण कार्य समय-सीमा में पूरा किया जा सके।

## हिन्दू समाज की शक्ति एकता संस्कार व संगठन में निहित

**फरसगांव।** नगर के जनपद स्कूल मैदान में शुक्रवार को सर्व हिन्दू सम्मेलन का भव्य रुप से आयोजन किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों युवाओं एवं सर्व हिन्दू संगठनो से जुड़े कार्यकर्ताओं और सर्व हिन्दू समाज के वरिष्ठजनों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में जागरूकता बढ़ाना सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करना तथा संगठनात्मक एकता को मजबूत करना रहा। सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में यज्ञ सिंह विभाग प्रचारक मुख्यालय जगदलपुर उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि हिन्दू समाज की शक्ति उसकी एकता संस्कार और संगठन में निहित है। उन्होंने युवाओं से सामाजिक दायित्वों के निर्वहन राष्ट्रसेवा और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए आगे आने का आह्वान किया। यह सम्मेलन निज जाति, मत, पंथ, भाषा प्रांत के उपर हमारी सर्वभौमिक हिंदू पहचान और उसी हिंदू संस्कृति, धर्म, राष्ट्र के गौरव सम्मान, संरक्षण के प्रयास में फरसगांव मण्डल के सर्व हिन्दू सम्मेलन समिति द्वारा आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम भी शामिल हुए।



## सड़क सुरक्षा माह 2026: जिले में जगह जगह लग रहे लर्निंग लाइसेंस शिविर

**कोण्डागांव।** सड़क सुरक्षा माह 2026 के अंतर्गत सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से परिवहन विभाग एवं पुलिस विभाग द्वारा जिले के विभिन्न स्थानों पर जागरूकता एवं प्रशासनिक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

इसी क्रम में लर्निंग लाइसेंस शिविरों का आयोजन निर्धारित तिथियों में किया जाएगा। 12 एवं 13 जनवरी 2026 को जनपद पंचायत फरसगांव में, 16 जनवरी 2026 को जनपद पंचायत विश्रामपुरी में, 19 एवं 20 जनवरी 2026 को जनपद पंचायत केशकाल में, 21 जनवरी 2026 को जनपद पंचायत माकड़ी में तथा 22 एवं 23 जनवरी 2026 को जिला परिवहन कार्यालय कोंडागांव में शिविर आयोजित होंगे।

**शिविर में मौके पर मिलेगा लर्निंग लाइसेंस :** जिला परिवहन अधिकारी ने जानकारी दी कि शिविर के दौरान परिवहन विभाग द्वारा आवे आवश्यक दस्तावेज प्राप्त कर ऑनलाइन आवेदन पूर्ण किया जाएगा। शासन द्वारा निर्धारित शुल्क लेकर विधिवत प्रक्रिया के तहत तत्काल लर्निंग लाइसेंस जारी किया जाएगा। लर्निंग लाइसेंस आवेदन के लिए आवेदकों को निवास प्रमाण के लिए आधार कार्ड, वोटर आईडी या पासपोर्ट, जन्मतिथि प्रमाण के लिए पैन कार्ड, अंकसूची या जन्म प्रमाण पत्र की एक–एक छायाप्रति एवं एक रंगीन फोटो साथ लाना अनिवार्य होगा। परिवहन विभाग ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे सड़क सुरक्षा माह 2026 के तहत आयोजित इन शिविरों में उपस्थित होकर यातायात नियमों की जानकारी लें तथा लर्निंग लाइसेंस बनवाकर सुरक्षित वाहन संचालन सुनिश्चित करें।

### स्व सहायता समूह और मेहनत से बदली जीवन की तस्वीर

# लखपति दीदी राशोबाई बनीं आत्मनिर्भरता की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोण्डागांव जिले के विकासखंड फरसगांव अंतर्गत ग्राम पंचायत बानगांव निवासी श्रीमती राशोबाई मरकाम ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत स्व सहायता समूह से जुड़कर आत्मनिर्भरता की एक सशक्त मिसाल पेश की है। आज वे विभिन्न आजीविका गतिविधियों से एक लाख रुपये से अधिक की वार्षिक आय अर्जित कर रही हैं।

जय माता दी स्व सहायता समूह की सदस्य बनने से पहले राशोबाई मरकाम कृषि मजदूरी कर परिवार का भरण–पोषण करती थीं। आमित साधनों के कारण परिवार की वार्षिक आय मात्र 48 हजार रुपये थी, जिससे दैनिक जरूरतें पूरी करना भी कठिन होता था। स्व सहायता समूह से जुड़ने के बाद उन्हें 15 हजार रुपये की आरएफ अनुदान राशि एवं 60 हजार रुपये का सीआईएफ ऋण प्राप्त हुआ। इस आर्थिक सहयोग से उन्होंने कृषि कार्य के साथ–साथ किराना दुकान संचालन और मछली पालन जैसी गतिविधियां प्रारंभ कीं।



#### आय में दोगुनी से अधिक बढ़ोतरी

जिला प्रशासन एवं एनआरएलएम टीम के मार्गदर्शन से राशोबाई का आत्मविश्वास बढ़ा और आज उनकी वार्षिक आय बढ़कर लगभग 1 लाख 67 हजार रुपये हो गई है। इससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई और जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार आया है।

#### लखपति दीदी बनकर बनीं अन्य महिलाओं की प्रेरणा

आज राशोबाई मरकाम अपनी मेहनत, लगन और समूह सहयोग से न केवल आत्मनिर्भर बनी हैं, बल्कि अपने परिवार के लिए एक मजबूत आर्थिक आधार भी तैयार किया है। उन्होंने शासन की योजनाओं से मिले सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

#### महिलाओं को सशक्त बना रही है बिहान योजना

एनआरएलएम 'बिहान' योजना के तहत स्व सहायता समूहों के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने का सतत प्रयास किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक महिलाएं लखपति दीदी बनकर सम्मानजनक जीवन जी सकें।

## पेज 9 के शेष

### ओरछा में जनचौपाल में किया...

केंद्र बनकर गांवों में विकास कार्यों का संचालन कर रहे हैं और शासकीय योजनाओं की शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने समाज प्रमुखों से अपील करते हुए कि माओवादी गतिविधियों में सक्रिय युवाओं को समझाकर पुनर्वास के लिए प्रेरित करें। ऐसे ग्राम, जो अपने सभी सदस्यों को मुख्यधारा में लाकर स्वयं को सशस्त्र नक्सल हिंसा से मुक्त घोषित करेंगे, उन्हें इलवद पंचायत योजना के तहत अतिरिक्त 1 करोड़ रुपये की राशि विकास कार्यों के लिए प्रदान की जाएगी। इस दौरान सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, आवास, रोजगार एवं आजीविका संवर्धन की स्थिति पर भी विस्तृत चर्चा की गई। ग्रामीणों ने बताया कि माओवादी गतिविधियों के कारण वर्षों से विकास बाधित था, लेकिन अब उनके गांवों तक सड़क, बिजली जैसी बुनियादी सुविधाएं पहुंचने लगी हैं, जिससे वे बहुत खुश हैं।

### अब नक्सली हिंसा नहीं, विकास ...

अधिक लाभ ग्रामीणों को प्राप्त होगा।

**भटक रहे युवाओं को पुनर्वास नीति का लाभ दिलाएं :** शर्मा ने समाज प्रमुखों से आग्रह किया कि अब हिंसा को रोकना आवश्यक है, वे जंगलों में भटक रहे युवाओं को पुनर्वास नीति का लाभ उठाने और देश के विकास में भागीदार बनने के लिए प्रेरित करें, ताकि सभी का विकास शासन के साथ मिलकर सुनिश्चित किया जा सके।

**50 ग्रामीणों को मिले उन्नत किस्म के पौधे :** उपमुख्यमंत्री ने ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत सामग्री का भी वितरण किया। उन्नत किस्म के मूंग और उड़द के बीज प्रदान किए, उद्यानिकी विभाग की ओर से 50 कृषकों को टमाटर और बैंगन के उन्नत किस्म के पौधे वितरित किए गए। इसके अतिरिक्त 17 किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड प्रदान किया गया। 5 ग्राम समूहों को पावर वीडर, 5 संकुल संगठनों को 10 लाख रुपए, 76 समूहों को 11.40 लाख रुपए की रिवोल्विंग फंड, 63 समूहों को 37.80 लाख रुपए की सीआईएफ राशि, 6 समूहों को बैंक लिंकेज के तहत 48 लाख रुपए की राशि भी उनके द्वारा प्रदान की गई।

**मोतियाबिंद इलाज के लिए बस रवाना :** नियद नेल्ला नार योजना के तहत संवेदनशील ग्रामों को मोतियाबिंद मुक्त बनाने के लिए मिशन दृष्टी के तहत विशेष बस को उपमुख्यमंत्री शर्मा ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा संचालित यह बस सिलगेर, कोंडासावली, तिमापुरम जैसे दुर्गम इलाकों के दोनों आँखों से मोतियाबिंद के मरीजों को विशेष बस द्वारा जिला अस्पताल पहुंचा कर उपचार कराया जाएगा। इसके तहत 40 लोगों के दल को आज रवाना किया गया। जहां उनका पूर्ण उपचार किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने हितग्राहियों से बात कर सभी का हाल जाना और उन्हें पूर्ण उपचार करवाने की सलाह दी।

### किसान की बाड़ी में...

जाने से भी बचने की सलाह दी गई है। बताया जा रहा है कि बस्तर, लामकेर, मधोता के जंगल में लकड़बघे बड़ी संख्या में है, जो हिरण व मवेशी, बकरी सहित अन्य छोटे जानवरो का शिकार करने की घटना पहले भी हो चुकी है।

**वन अमला पदचिन्ह से कर रहा खोजबीन :** वन परिक्षेत्र अधिकारी रैतूराम मौर्य ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचे, प्रथम दृष्टिया जंगली जानवर के हमले से मौत हुई है। पूरे जंगल के आसपास पदचिन्ह की खोजबीन किया जा रहा है।

**खबर संक्षेप**

## आवारा कुत्तों का वैक्सीनेशन अभियान तेज



**गीदम।** जिले के सभी नगरीय निकायों में नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा जानवरों से होने वाले संक्रमणों की रोकथाम के उद्देश्य से आवारा कुत्तों का व्यापक एंटी-रेबीज वैक्सीनेशन अभियान शुरू किया गया है। इसी क्रम में नगर पंचायत बारसूर में नगर पंचायत और पशु चिकित्सा विभाग की संयुक्त टीम द्वारा अभियान को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में घूम-घूमकर टीम द्वारा प्रतिदिन 20-25 आवारा कुत्तों को पकड़कर उन्हें सुरक्षित तरीके से एंटी रेबीज वैक्सीन लगाई जा रही है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद यह कार्रवाई की जा रही है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी गिरीश तिवारी ने बताया कि यह अभियान नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और कुत्तों से फैलने वाली घातक बीमारियों की रोकथाम के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि लगातार वैक्सीनेशन से नगर में एक सुरक्षित माहौल बनाया जा सकेगा।

## छिंदावाड़ा में होगा बस्तर पंडुम



**दरभा।** बस्तर पंडुम के आयोजन के तैयारियों को लेकर एसडीएम शंकर लाल सिन्हा ने दरभा जनपद पंचायत के सभागार में बैठक लिया। बैठक में तय किया गया की इस वर्ष छिंदवाड़ा ग्राम पंचायत में बस्तर पंडुम का खंड स्तरीय आयोजन कराया जायेगा। जहां निर्धारित 12 जनजातीय विधाओं का प्रदर्शन होगा। जिसमे जनजातीय नृत्य, गीत, नाट्य, वाद्य यंत्र, वेशभूषा, आभूषण, शिल्प, पेय पदार्थ, व्यंजन, आंचलिक साहित्य, बस्तर वन औषधि का प्रदर्शन शामिल हैं। सभी विधाओं के आकलन एवं मूल्यांकन हेतु निर्णायक समिति का गठन कर दिया गया हैं, जिनके मूल्यांकन के आधार पर हर विधा के विजेताओं को 10 हजार रुपये का पुरस्कार निर्धारित हैं। विजेता दल जिला स्तरीय पंडुम में भाग लेने के हकदार होंगे। खंड स्तरीय पंडुम तिहार आयोजन 16 जनवरी को निर्धारित हैं।

## यातायात जागरूकता कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को मिली जानकारी

**गीदम।** 36वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर यातायात पुलिस दंतेवाड़ा द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक गीदम में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं में सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना रहा। कार्यक्रम में यातायात पुलिस ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए बताया कि सड़क दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण यातायात नियमों की अनदेखी है। यदि प्रत्येक नागरिक नियमों का पालन करे, तो अधिकांश दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। पुलिस टीम द्वारा वास्तविक उदाहरणों के माध्यम से लापरवाही से होने वाली दुर्घटनाओं के गंभीर परिणामों को समझाया गया।

## जन्मदिन उत्सव महा बम्पर ड्रा के तहत हरिभूमि ने प्रतिभागियों को बांटे पुरस्कार...



**जगदलपुर।** अपने सुधि पाठकों के जन्मदिन को यादगार बनाने हरिभूमि द्वारा आयोजित जन्मदिन उत्सव महा बम्पर ड्रा के तहत प्रतिभागी पाठकों को सांत्वना पुरस्कार वितरण किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने वाले पाठकों में जगदलपुर के साक्षी घोष, वी .जोगाराम नायडू, गजेन्द्र सिंह भारद्वाज, सोमेश पाण्डे, नवीन सेठिया शामिल हुए। पुरस्कार प्राप्त करने वाले इन प्रतिभागियों ने दैनिक हरिभूमि की इस जन्मदिन उत्सव महा बम्पर की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि हरिभूमि सिर्फ सूचना देने का माध्यम नहीं है सामाजिक दायित्वों को भी पूरा कर रहा है।

### ढोल - मांदर की थाप पर थिरका गोरला चौक

# पेन करसाड़ में उमड़ा आदिवासी स्वाभिमान का जन सैलाब

**3 दिनों तक दिखी बस्तर की अनूठी संस्कृति और सामूहिक एकजुटता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम/मद्देड़

आधुनिकता की चकाचौंध और बदलते सामाजिक परिवेश के बीच भोपालपटनम का गोरला चौक इन दिनों आदिवासी आस्था परंपरा और सांस्कृतिक अटूटता का सबसे बड़ा केंद्र बनकर उभरा है।

- अपनी जड़ों की ओर लौटा समाज



अवसर था तीन दिवसीय पेन करसाड़ महोत्सव का जहां गोंड, मुरिया और दोरला सहित विभिन्न आदिवासी समुदायों के हजारों लोग अपने-अपने पेन देव की छत्रछाया में एकत्र हुए। तीन दिनों तक चले इस आयोजन में सुबह से ही पारंपरिक वेशभूषा और आभूषणों में सजे ग्रामीणों का रेला गोरला चौक पर उमड़ना शुरू हो जाता था। ढोल, मांदर और टिमकी की गूंज जैसे ही वातावरण में घुलती, हजारों की संख्या में पुरुष, महिलाएं और युवा गोलाकार कतारें बनाकर थिरकने लगते। यह नृत्य केवल मनोरंजन नहीं बल्कि आदिवासी जीवनशैली प्रकृति के साथ उनके गहरे संबंध और पुरखों के संघर्ष की एक मूक गाथा थी। नर्तकों के पैरों की धमक और हाथों का तालमेल आपसी भाईचारे और सामाजिक सुदृढ़ता का संदेश दे रहा था।

**आस्था और परंपरा का संगम**

क्षेत्रीय पेन की मौजूदगी ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बनाए रखा। पेन करसाड़ पर्व को आदिवासी समाज की सामूहिक चेतना और पहचान का सर्वोच्च प्रतीक माना जाता है। अलग-अलग गांवों से अपने देवताओं के डोली और लाठ लेकर पहुंचे पुजारियों और ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों से पूजा-अर्चना की। बुजुर्गों के सानिध्य में नई पीढ़ी जिस तरह इन रस्मों को निभा रही थी वह इस बात का सुखद संकेत है कि आदिवासी संस्कृति के उत्तराधिकारी अपनी जड़ों को लेकर बेहद गंभीर हैं।

### मेले की रौनक और व्यवस्था का अनुशासन

धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ गोरला चौक एक विशाल मेले के रूप में भी तब्दील हो गया था। स्थानीय उत्पादों वनोपज घरेलू सामग्री और खिलौनों की दुकानों से पूरा चौक गुलजार रहा। हजारों की भारी भीड़ रही आयोजन समिति पेनकरसाड समिति गोरला चौक पुलिस प्रशासन की सतर्कता की वजह से पूरा कार्यक्रम अनुशासित रहा। यह तीन दिवसीय संगम केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि आदिवासी समाज की वह शक्ति थी जो अपनी संस्कृति को जीवित रखने का संकल्प दोहरा रही थी।

**करसाड़ में शामिल हुए 19 पेन देव**

इस आयोजन में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से 19 प्रमुख पेन देवों को एरनाल मुसलोड़ (सड्रापल्ली), इन्दावेल्ली (पेगडापल्ली), बामनम्मा (कुचनूर), दिवानराज (कोमटपल्ली), पोम्मलैय्या (कुचनूर), बीरींगा (कांदलापर्ती), एडीमरी अटटम पडगू (पोषडपल्ली), जिब्बो (कांदूलनार), फोकु मिरिया पुरसूंआ (चिन्नाकावाली), नीलावरूड (संकनपल्ली), चिन्नावेल्लड (पामगल), निलपराज (चेरपल्ली), शिखर धरडू (यापला), मूगाराज (वंगापल्ली), मुद्दुला मुगाराज (मिनकापल्ली), नीलपराजू (लोडेड), कंचाबराल (भंडारपल्ली), इसरुगंड (दम्मूर) व गण्ठा लिंगैय्या कच्छुगूडू (सड्रापल्ली) आमंत्रित किया गया था। इनके दर्शन के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा था।

## चिरायु हेल्थ कैम्प में 113 बच्चों को मिला निःशुल्क उपचार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

जिला प्रशासन बीजापुर द्वारा कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशानुसार तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीआर पुजारी एवं सिविल सर्जन डॉ. रत्ना ठाकुर के मार्गदर्शन में दिनांक 9 जनवरी 2026 को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिरायु) के अंतर्गत 0 से 18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों हेतु एकदिवसीय विशेष निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय, बीजापुर परिसर में किया गया।

इस शिविर में बालाजी हॉस्पिटल, रायपुर की सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ टीम ने सेवाएँ प्रदान कीं, जिसमें कार्डियोलॉजिस्ट, अनुभवी जनरल सर्जन, चर्म रोग विशेषज्ञ एवं शिशु रोग विशेषज्ञ शामिल थे। साथ ही जिला चिकित्सालय बीजापुर के नाक-कान-गला, नेत्र एवं अस्थि रोग विशेषज्ञों द्वारा भी परामर्श एवं उपचार किया गया। जिले के चारों विकासखंडों से चिरायु टीम द्वारा बच्चों को शिविर में लाया गया।

शिविर में कुल 113 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया गया। इनमें प्रमुख रूप से जन्मजात हृदय रोग के 36, कटे होंठ व तालू के 10, टेढ़े-मेढ़े पैर के 3, हर्निया के 24, जन्मजात मोतियाबिंद के 2, चर्म रोग के 6, कान रोग के 8 तथा अन्य बीमारियों से पीड़ित बच्चे शामिल थे। इनमें से 75 सर्जिकल केस बच्चों को रायपुर रेफर किया गया, जहाँ उनका निःशुल्क उपचार आयुष्मान भारत – प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना पीएमजेएवाय के अंतर्गत किया जाएगा।

## धर्मांतरण पर कड़ा रुख, कफन-दफन पर रोक की पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम



बीजापुर जिले के भोपालपटनम स्थित फॉरेस्ट रेस्ट हाउस में सर्व आदिवासी समाज के प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक राजाराम तोड़ेम तथा समाज के अध्यक्ष अरविंद नेताम की ओर से एक अहम प्रेसवार्ता आयोजित की गई। जिसमें धर्मांतरण के मुद्दे पर समाज ने सख्त और स्पष्ट रुख अपनाया। प्रेसवार्ता में सर्व आदिवासी समाज के प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक राजाराम तोड़ेम तथा छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष व पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविंद नेताम ने संयुक्त रूप से बयान देते हुए कहा कि आदिवासी समाज की परंपरा, संस्कृति और आस्था से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

प्रेसवार्ता में कहा गया कि आदिवासी समाज की अपनी विशिष्ट रीति-रिवाज, सामाजिक व्यवस्था और धार्मिक परंपराएं हैं, जिन्हें धर्मांतरण के माध्यम से कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। यदि किसी गांव में किसी ऐसे व्यक्ति की मृत्यु होती है, जिसने धर्मांतरण कर लिया है, तो उसका कफन-दफन कार्यक्रम आदिवासी परंपराओं के विरुद्ध है और इससे समाज की भावनाएं आहत होती हैं। ऐसे मामलों में समाज द्वारा कफन-दफन पर रोक लगाने की पहल की जा रही है।

वहीं अध्यक्ष अरविंद नेताम ने कहा कि आदिवासी समाज की पहचान उसकी संस्कृति और परंपराओं से जुड़ी है। धर्मांतरण के जरिए इन परंपराओं को तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, जिसे आदिवासी समाज कभी स्वीकार नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि समाज अपनी संस्कृति और आस्था की रक्षा के लिए संगठित होकर हर स्तर पर विरोध करेगा।

सर्व आदिवासी समाज के प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक राजाराम तोड़ेम ने कहा कि छत्तीसगढ़ के पांचवीं अनुसूचित क्षेत्रों में पेसा कानून और ग्राम सभा के अधिकार सर्वोपरि हैं। गांव से जुड़े सभी सामाजिक, धार्मिक और सामुदायिक फैसले ग्राम सभा के माध्यम से ही लिए जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि धर्मांतरण के बाद होने वाली किसी भी गतिविधि को ग्राम सभा की स्वीकृति नहीं मिलेगी।

उन्होंने कहा कि ग्राम सभा आदिवासी समाज की सर्वोच्च इकाई है और उसके फैसले सभी के लिए मान्य होंगे। धर्मांतरण के मामलों में ग्राम सभा की अनदेखी कर कोई भी गतिविधि स्वीकार नहीं की जाएगी। सर्व आदिवासी समाज ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि धर्मांतरण के मामलों पर रोक नहीं लगी और आदिवासी समाज की परंपराओं का उल्लंघन जारी रहा, तो समाज भविष्य में उग्र आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटेगा। प्रेस वार्ता के माध्यम से सर्व आदिवासी समाज ने साफ संकेत दिए कि आदिवासी संस्कृति, परंपरा और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष लगातार जारी रहेगा।

## उद्यमिता को नई दिशा देने विशेषज्ञों ने दिए मार्गदर्शन



**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार व जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा के मार्गदर्शन में आज जिले में उद्यमिता को बढ़ावा देने, युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने तथा आत्मसमर्पित नक्सलियों को मुख्यधारा से जोड़कर एमएसएमई क्षेत्र में व्यवसाय स्थापित करने हेतु प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से लाइवलीहुड कॉलेज दंतेवाड़ा में उद्यमिता विकास कार्यक्रम का तृतीय दिवस सम्पन्न हुआ। यह कार्यक्रम सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय तथा राज्य सरकार की संयुक्त उद्यमिता प्रोत्साहन पहलों के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ लाइवलीहुड कॉलेज के प्राचार्य हरीश कुमार सिन्हा द्वारा किया गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने एमएसएमई क्षेत्र की आर्थिक वृद्धि में अहम भूमिका पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा कि एमएसएमई क्षेत्र ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के साथ-साथ युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर उपलब्ध करा रहा है। सिन्हा ने विशेष रूप से योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि यह योजना उद्यमियों के तकनीकी उन्नयन, क्षमता निर्माण, बाजार विस्तार एवं प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने में अत्यंत कारगर साबित हो रही है।

## लाखों की लागत से बने बाजार शेड में तीन साल बाद लगेगा बाजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



करोड़ों रूपये खर्च कर बनाया गया बाजार का चबूतरा,शेड व्यापारियों के कुछ काम का नहीं, अब ग्राम पंचायत 7 सौ ट्रेक्टर मुरुम डाल अधिकारी औऱ ठेकेदार की गलतियों को पाट रहे है।

गौरतलब है जिले के उसूर ब्लॉक आवापल्ली में लगने वाला साप्ताहिक हाट बाजार की जगह को नया बस स्टेण्ड बनाये जाने के बाद, जिला प्रशासन नें आवापल्ली गांव के प्रवेश द्वारा मेन रोड़ में यानी धान मंडी क्षेत्र में जगह दी, जों की आबादी क्षेत्र से ढाई तीन किलो मीटर दूर है, हालांकि व्यापारियों को इससे कोई परेशानी नहीं, मगर दिक्क़त इस बात की है जनपद पंचायत नें बाजार लगाने जिन 7 शेड वाले चबूतरों का निर्माण किया है उनकी ऊँचाई बहुत ज्यादा है और बाजार के गली में फ्लोरिंग भी नहीं की गई, जिस वजह से ग्राहकों को खड़े होने में परेशानी होती है, शेड वाले चबूतरे होने के बाद भी व्यापारियों को चबूतरे से हटकर तिरपाल बाँधकर दुकाने लागते रहे, वही अब ग्राम पंचायत की मांग पर डीएमएफ मद से सात लाख ख़र्च कर बाजार के गली में मुरुम डाला जा रहा है।

- कार्य एजेंसी ग्राम पंचायत और काम ठेकेदार को दे दिया

आवापल्ली बाजार निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत है मगर जिले के एक नाम चिन ठेकेदार को ठेका दिया गया,बताया गया की जनपद अधिकारियो नें व्यापारी संघ से एक बार भी बाजार चबूतरा बनाये जाने के पहले राय मशवरा नहीं लिया था, नतीजा यह हुआ की ठेकेदार नें मनमानी बाजार शेड का निर्माण कर दिया, जिसे लेकर स्थानीय व्यापारियों में जमकर रोष था जिस वजह से 2023 में बने बाजार शेड में अबतक दुकाने नहीं लगाई।

**मुरूम डलवाया जा रहा**

बाजार के चबूतरा निर्माण में कितना खर्च आया मुझे नहीं मालूम, मैं अभी नियुक्त हुआ हूं, लेकिन व्यापारियों की समस्या को देखते हुए डीएमएफ में 7 लाख स्वीकृत हुआ है जिससे बाजार के लिए बने सेट के चारों तरफ मुरूम डलवाया जा रहा है।

-वेंकटेश्वर बुरका,
सचिव, ग्रापं आवापल्ली

## दीपोत्सव...



**जगदलपुर।** शहर के ऐतिहासिक दलपत सागर में हर वर्ष की तरह होने वाले दीपोत्सव से पूर्व अलग-अलग समाजों के द्वारा दीप प्रज्वलन किया जा रहा है। इस आयोजन में अपनी भागीदारी निभाते हुए उत्कल समाज के महिलाओं द्वारा 251 दीप प्रज्वलित किया गया। इस अवसर पर भगवान जगन्नाथ की रंगोली आकर्षण का केन्द्र बनी। जिसे लोगों ने मुक्तकंठ से सराहना की।

## छात्रों ने विज्ञान पार्क, हवाई अड्डा और कृषि स्थलों का किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानपुरी



एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय बेसोली ने 6 जनवरी को 80 छात्रों को समृद्ध शैक्षिक भ्रमण पर ले जाया गया। शिक्षा को वास्तविक दुनिया की खोज से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित इस यात्रा में समूह अक्षय ऊर्जा एवं विज्ञान पार्क घाटलोहंगा, मां दंतेश्वरी हवाई अड्डा जगदलपुर, शहीद वीर गुण्डाधुर कृषि महाविद्यालय कुमरावंड तथा चित्रकूट जलप्रपात गया। यात्रा की शुरुआत अक्षय ऊर्जा एवं विज्ञान पार्क से हुई, जहां छात्रों ने नवीकरणीय ऊर्जा प्रदर्शनियों और भौतिकी प्रयोगों में डूब गए। उन्होंने सौर, पवन तथा जल मॉडलों के साथ अंतरक्रिया की, ऊर्जा रूपांतरण, न्यूटन के नियम तथा भारत के हरे भविष्य के लिए महत्वपूर्ण सतत ऊर्जा स्रोतों को समझा। मां दंतेश्वरी हवाई अड्डे पर हवाई अड्डा प्राधिकरणों से मार्गदर्शित दौरा प्राप्त हुआ, जिसमें चेक-इन सेवाओं से लेकर वायु यातायात प्रबंधन तथा विमानन भौतिकी तक संचालन की जानकारी प्राप्त की। छात्रों ने रडार प्रणालियों पर चमत्कार किया तथा सुरक्षा प्रोटोकॉल सीखे, जो अंतरिक्ष करियर में रुचि जगाए। शहीद वीर गुण्डाधुर कृषि महाविद्यालय का

**न्यायालय तहसीलदार तोकापाल**
**जिला बस्तर छ.ग.**

**– उद्घोषणा –**

क्रमांक/क/प्रा.3/तह. 2026-27
तोकापाल दिनांक 07/01 /2026

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक गंगाधर पिता लछमन मौर्य जाति मुरिया निवासी ग्राम कोण्डालूर तहसील तोकापाल जिला बस्तर छ.ग. के द्वारा मेरे न्यायालय में मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसमें आवेदक की दादा स्व. गागरू मौर्य/पिता सुकेला मौर्य मृत्यु तिथि 30/05/2017 दर्शाया गया है। ग्राम पंचायत कोण्डालूर के अंतर्गत है यह उद्घोषणा ग्राम पंचायत के सूचना पटल में देखा जा सकता है। अर्थात् उपरोक्त आवेदन पत्र के तारतम्य में मृत्यु तिथि के संबंध में किसी व्यक्ति/ग्रामवासी/पंचायत को किसी भी तरह कोई आपत्ति है तो वह न्यायालय की पेशी तिथि 21/01/2026 को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। पेशी पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

उद्घोषणा आज दिनांक 07/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

पेशी दिनांक 21/01/26

(मुहर) तहसीलदार
तोकापाल

## खबर संक्षेप

### मनरेगा श्रमिकों के परिवार बनेंगे कुशल राजमिस्त्री

**जगदलपुर।** जिला प्रशासन ने मनरेगा श्रमिकों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सराहनीय और महत्वपूर्ण पहल की है। प्रोजेक्ट उन्नति फेज-2 के तहत अब उन श्रमिक परिवारों के सदस्यों को हुनरमंद बनाया जा रहा है, जिन्होंने मनरेगा योजना के अंतर्गत न्यूनतम 60 दिनों का रोजगार पूरा कर लिया है। इसी उद्देश्य के साथ जिले में राजमिस्त्री (मेसन) प्रशिक्षण के दूसरे बैच का शुभारंभ किया गया है। इस विशेष पहल के तहत चयनित 30 प्रतिभागियों को 30 दिनों का आवासीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस दौरान युवाओं को केवल किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर काम करने का तरीका भी सिखाया जाएगा। विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों को राजमिस्त्री कार्य की तकनीकी बारीकियों से अवगत कराने के साथ-साथ अपने हाथों से सीमेंट का गारा तैयार करने और ईंट जुड़ाई जैसे कार्यों का सघन व्यावहारिक (प्रैक्टिकल) अभ्यास कराया जा रहा है।

### दिल्ली गणतंत्र दिवस परेड के लिए सत्यम का चयन

**कांकेर।** भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर के एनसीसी कैडेट अंडर अफसर सत्यम पांडे पिता वीरेंद्र पांडे का चयन गणतंत्र दिवस शिविर 2026 नई दिल्ली के लिए हुआ है। वे कर्तव्य पथ परेड में मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ निदेशालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस उपलब्धि के लिए 8 छत्तीसगढ़ स्वतंत्र कंपनी एनसीसी कांकेर के कमान अधिकारी कर्नल सुमीत शर्मा ने बधाई देते कहा कि सत्यम पांडे का चयन सभी कैडेटों के लिए प्रेरणा होगा।

### बाल विवाह मुक्त भारत के लिए शपथ ग्रहण 15 को

**कांकेर।** भारत सरकार महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार 08 मार्च 2026 तक 100 दिनों का बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत जिले के सभी विद्यालयों, कॉलेजों, स्वास्थ्य केन्द्रों, छात्रावासों, पुलिस थानों, आंगनबाड़ी केन्द्रों तथा न्यायालयों में 15 जनवरी को दोपहर 12 बजे से बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के लिए शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

# 5 दिवस में गांधी मैदान सुधारें अन्यथा करेंगे आंदोलन व निगम का घेराव : झा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर बस्तर जिला युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष निकेत राज झा के नेतृत्व मे गांधी मैदान के अव्यवस्थाओं में सुधार व नई प्रबंधन समिति का गठन 5 दिवस के भीतर करने आयुक्त को ज्ञापन सौंपा गया।

झा ने बताया शहर का हृदय स्थल गांधी मैदान खिलाड़ियों और स्थानीय युवाओं के अभ्यास का प्रमुख केंद्र है। खेद का विषय है कि विगत दो वर्षों से उचित रखरखाव के अभाव में मैदान की स्थिति दयनीय हो गई है। निगम सरकार की अनदेखी के कारण खिलाड़ियों को अभ्यास में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा मैदान में लगे चारों हाई-मास्ट, फ्लड लाइट खंभों की अधिकांश लाइटें खराब हैं। शाम होते ही मैदान में अंधेरा छा जाता है, जिससे खेल गतिविधियां पूरी तरह बाधित हो रही हैं। इनका तत्काल मेंटेनेंस कराया जाए। मैदान की धूल उड़ने से रोकने और नमी बनाए रखने के लिए सुबह-शाम टैंकरों के माध्यम से पानी के छिड़काव की नियमित व्यवस्था की जाए। क्रिकेट पिच की स्थिति सुधारने तत्काल काली मिट्टी डलवाई जाए एवं वाइब्रेटर रोलर चलाकर उसे खेलने योग्य बनाया जाए। मैदान की सुरक्षा सुनिश्चित करने दोनों मुख्य द्वारों पर मजबूत ताले लगाए जाएं ताकि अनाधिकृत प्रवेश रोका जा सके। मैदान में स्थित बोरवेल वर्तमान में बंद पड़ा है। इसे तत्काल सुधरवाकर पानी की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही मैदान के भीतर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा बढ़ गया है, जिससे खिलाड़ियों के लिए असुरक्षित माहौल बन रहा है। इस पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया जाए। मैदान स्थित सुलभ शौचालय वर्तमान में जर्जर और अनुपयोगी है। खिलाड़ियों की सुविधा हेतु इसका जीर्णोद्धार कराया जाना अत्यंत आवश्यक है। युथ कांग्रेस मांग करती है कि इन समस्याओं पर आगामी 5 दिवस के भीतर उचित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। यदि निर्धारित समय सीमा में सुधार कार्य प्रारंभ नहीं होता है तो खिलाड़ियों के हितों की रक्षा हेतु यूथ कांग्रेस एवं स्थानीय खिलाड़ी चरणबद्ध आंदोलन करने तथा नगर निगम कार्यालय का घेराव करने बाध्य होंगे।

#### युवा कांग्रेस शहर ने निगम आयुक्त को सौंपा ज्ञापन



**ये रहे उपस्थित**

नेता प्रतिपक्ष सहित विक्रम सिंह डांगी, पार्षद शुभम यदु, ललिता राव, जिला उपाध्यक्ष सोनारु नाग, आकिब रजा, शेख सद्दाम रजा, वैभव नेताम, ब्लॉक अध्यक्ष रजत जोशी,आदर्श नायक, प्रभुदास नाग, प्रदीप सेठिया, प्रदेश महासचिव आदित्य बिसेन, महासचिव हेमंत पाण्डेय, उस्मान रजा, कृष्णा उपाध्याय, तरणजीत सिंह रंधावा, इन्दर झज्ज, सचिव शेख जुनैद, खेमराज सेठिया, अजय पाण्डेय, तरसेम जस्वाल, राज, बलराम आदि मौजूद रहे।

### राज्यों के परिवहन मंत्रियों की बैठक में शामिल हुए केदार कश्यप

# वाहन सुरक्षा और ट्रैफिक नियमों का होगा कड़ाई से पालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

परिवहन मंत्री केदार कश्यप नई दिल्ली में केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी की अध्यक्षता में आयोजित सभी राज्य के परिवहन मंत्रियों की बैठक में शामिल हुए। बैठक का फोकस सड़क

- केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को दी विभागीय कार्यों और उपलब्धियों की जानकारी

दुर्घटनाओं में कमी लाने और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर रहा। गडकरी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली अधिकांश मौतें सुरक्षा उपायों के पालन न करने के कारण होती हैं। उन्होंने सभी राज्यों को निर्देशित किया कि वाहन चालकों एवं सहयात्रियों द्वारा सीट बेल्ट तथा दोपहिया वाहन चालकों द्वारा हेलमेट के उपयोग को सख्ती से लागू किया जाए।

बैठक में परिवहन मंत्री कश्यप ने छत्तीसगढ़ में संचालित परिवहन से संबंधित योजनाओं, परियोजनाओं और उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी। ओवरलोडिंग के विरुद्ध कठोर कार्रवाई को सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने का अहम उपाय बताया गया। बैठक में ओवरलोड वाहनों पर नियमित जांच, तकनीकी निगरानी, प्रवर्तन कार्यवाही और कड़े दंडात्मक प्रावधान लागू करने पर सहमति बनी।

सड़क सुरक्षा को लेकर व्यापक जन-जागरूकता अभियानों, सड़क सुरक्षा मित्रों की भागीदारी, तथा स्कूल, कॉलेज स्तर पर यातायात नियमों के प्रचार-प्रसार पर भी चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों के कैशलेस उपचार, हिट एंड रन मामलों में मुआवजा व्यवस्था, वाहन सुरक्षा के नए प्रावधान, तथा मोटर व्हीकल अधिनियम में प्रस्तावित संशोधनों पर भी विचार-विमर्श किया गया।



#### वाहन सुरक्षा और ट्रैफिक नियमों पर जोर

बैठक में मोटर व्हीकल अधिनियम के नए प्रस्तावित संशोधनों पर भी विचार किया गया। इसके साथ ही नितिन गडकरी ने सड़क सुरक्षा के लिए हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, वाहनों में ओवरलोडिंग रोकने ट्रैफिक नियमों का पालन करने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में प्रस्तुत योजनाओं और प्रस्तावों से स्पष्ट है कि सरकार सुरक्षित, सुव्यवस्थित और आधुनिक परिवहन व्यवस्था विकसित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

#### भवन समय पर पूर्ण करने का लक्ष्य

मंत्री कश्यप ने केंद्र सरकार की मंशा के अनुरूप सभी स्वीकृत क्षेत्रीय चालक प्रशिक्षण केंद्र और जिला परिवहन केंद्र भवनों के निर्माण को तय समय में पूरा करने की जानकारी भी दी।

#### ऑटोमेटेड फिटनेस सेंटरों से तकनीकी जांच में सुधार

परिवहन मंत्री कश्यप ने बताया कि राज्य में अब तक 8 ऑटोमेटेड फिटनेस सेंटर रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, अंबिकापुर, जगदलपुर, कोरबा, राजनांदगांव, रायगढ़ संचालित हैं। मशीनों से होने वाली फिटनेस जांच पारदर्शी और तकनीकी रूप से सटीक है। इन केंद्रों के संचालन में गुजरात के बाद छत्तीसगढ़ का दूसरा स्थान है। उन्होंने बताया कि जल्द ही जांजगीर-चांपा, बलौदाबाजार, धमतरी, महासमुंद, कांकेर, दंतेवाड़ा, सारंगढ़ और सूरजपुर में भी नए केंद्र स्थापित किए जाएंगे।

#### दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों का कैशलेस उपचार

मंत्री कश्यप ने बताया कि केंद्र सरकार की पहल पर सड़क दुर्घटना पीड़ितों के कैशलेस उपचार योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। बैठक में सड़क दुर्घटना में कमी लाने हिट एंड रन मामलों में मुआवजा, सड़क सुरक्षा अभियान, सड़क सुरक्षा मित्र, शून्य प्राणहानि जिला के लिए रायपुर का चयन जैसे विषयों पर भी विस्तृत चर्चा हुई।

## राज्य स्तरीय स्पर्धा में उपविजेता बनकर खिलाड़ियों ने बढ़ाया गौरव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विश्वविद्यालय स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन एमजीयूवीवी,संकरा-पाटन (दुर्ग) में भव्य और अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ,जिसमें दक्षिण क्षेत्र का

- अनुशासन, टीमवर्क और आत्मविश्वास बना जीत का मंत्र

प्रतिनिधित्व करते हुए महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। कड़े मुकाबलों और उच्च स्तरीय प्रतिस्पर्धा के बीच खिलाड़ियों ने उपविजेता का गौरवपूर्ण खिताब अपने नाम कर विश्वविद्यालय और महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाना, नेतृत्व क्षमता विकसित करना और शारीरिक–मानसिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना रहा। खिलाड़ियों ने मैदान पर न केवल अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया, बल्कि अनुशासन, धैर्य और खेल भावना का भी उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। पूरे आयोजन में खिलाड़ियों का उत्साह, टीमवर्क और निरंतर संघर्ष दर्शकों के लिए प्रेरणादायक रहा।

31 दिसंबर 2025 से 2 जनवरी 2026 तक चली इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ भर से लगभग 120 विद्यार्थियों ने भाग लिया। हर मुकाबले में खिलाड़ियों ने आत्मविश्वास और एकजुटता का परिचय देते हुए फाइनल तक का सफर तय किया। निर्णायक क्षणों में भी टीम का संयम और रणनीतिक समझ प्रशंसनीय रही। इस दौरान डॉ अमित कुमार पैंकरा,डॉ अग्निवा हालदार,डॉ ममता भगत, डॉ नेहा गावड़े,डॉ जीपी नाग,डॉ ईशु साहू व अन्य उपस्थित थे।

यह प्रतियोगिता केवल जीत-हार तक सीमित नहीं रही, बल्कि विद्यार्थियों के समग्र विकास का माध्यम बनी। खिलाड़ियों ने सीखा कि खेल संघर्ष, अनुशासन और आत्मविश्वास का पाठ पढ़ाते हैं। मैदान पर मिली यह सफलता उनके सतत अभ्यास, कठिन परिश्रम और सही मार्गदर्शन का प्रतिफल है। इस उपलब्धि ने न केवल खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया, बल्कि आने वाले विद्यार्थियों के लिए भी एक सशक्त प्रेरणा का कार्य किया।

सांसद ने प्रदान किए साइकिल

## सरस्वती साइकिल योजना में 12 स्कूलों की छात्राओं को मिला लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करपावंड

शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे समाज की दशा और दिशा दोनों बदली जा सकती है। इसी उद्देश्य को सार्थक करते हुए करपावंड में सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद महेश कश्यप और विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक डॉ. सुभाऊ कश्यप रहे। इस दौरान बकावंड ब्लॉक के 12 हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलों करपावंड, मंगनार, जैबेल, सतोषा, टेंपल कोमार, लावागांव, बड़े देवड़ा, संधकरमरी, मारीगुड़ा, तोगंकोगेरा और छिंदगांव की छात्राओं को निरूशुल्क साइकिलें वितरित की गईं।




इस मौके पर सांसद ने कहा कि पहले छात्राओं को स्कूल आने-जाने के लिए घर से स्कूल तक पैदल चलना पड़ता था, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित होती थी। सरस्वती साइकिल योजना ने उनकी इस राह को आसान बना दिया है। अब 5 किलोमीटर के दायरे में हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल उपलब्ध हैं। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं का भरपूर लाभ उठाएं और अपना भविष्य गढ़ें। पूर्व विधायक ने अपने उद्बोधन में सामाजिक बदलाव पर जोर देते हुए कहा कि पहले लोग कहते थे, लड़की को पढ़ाकर क्या करेंगे, उसे तो दूसरे घर जाना है, लेकिन अब यह धारणा बदल चुकी है। बेटियां पढ़-लिखकर न केवल नौकरी कर रही हैं, बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक भी बन रही हैं। उन्होंने बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ अच्छे संस्कार ग्रहण करने की भी सलाह दी। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष सोनबारी भद्रे, जनपद उपाध्यक्ष तरुण पांडे सहित अन्य जनप्रतिनिधी और खंड शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर यादव, बीआरसी सोनसिंह बघेल, प्राचार्य रामलाल कश्यप सहित सभी 11 स्कूलों के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, ग्रामीण और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## कोरबा वेस्ट, दुर्ग, रायपुर व बिलासपुर क्षेत्र की टीम विजयी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छग स्टेट पॉवर कंपनी के अंतरक्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता 9 से 15 जनवरी तक किया जा रहा है। पहले दिन

- स्टेट पॉवर कंपनी का हो रहा अंतरक्षेत्रीय क्रिकेट स्पर्धा

शुक्रवार को कालीपुर मैदान में रायपुर सेंट्रल बनाम कोरबा वेस्ट में से कोरबा वेस्ट, जगदलपुर क्षेत्र बनाम दुर्ग क्षेत्र में से दुर्ग क्षेत्र, धुरगुड़ा मैदान में रायपुर क्षेत्र बनाम मडवा क्षेत्र में से रायपुर क्षेत्र एवं अंबिकापुर क्षेत्र बनाम बिलासपुर क्षेत्र में से बिलासपुर क्षेत्र की टीम विजयी रही। स्पर्धा के मुख्य अथिति विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक टीके मेश्राम सहित अधिकारी प्रदीप कुमार कंवर, केव्ही मैथ्यू, अमर भगत, सुदीप खेस, फनेश्वर यादव, विनोद टंडन, एनके मांझी, गणेश्वर ध्रुव एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारी शामिल रहे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले रायपुर क्षेत्र, जगदलपुर क्षेत्र, रायपुर सेंट्रल, बिलासपुर क्षेत्र, अम्बिकापुर क्षेत्र, मंडवा क्षेत्र, कोरबा पूर्व, कोरबा पश्चिम, राजनांदगांव क्षेत्र एवं दुर्ग क्षेत्र की टीमें शामिल होगी।

## टमाटर बैंगन ग्राफ्टिंग से उद्यानिकी छात्रों ने रचा नवाचार का कीर्तिमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बदलते कृषि परिदृश्य में जब किसान रोग, बढ़ती लागत और घटते मुनाफे की चुनौती से जूझ रहे हैं, ऐसे समय में सब्ज़ी उत्पादन को नई दिशा देने वाली ग्राफ्टिंग तकनीक एक क्रांतिकारी समाधान के रूप में सामने आई है। टमाटर और बैंगन की

- रोग-मुक्त खेती की दिशा में बस्तर से उठी नई वैज्ञानिक पहल

खेती में इस आधुनिक तकनीक के सफल प्रयोग ने यह साबित कर दिया है कि विज्ञान और नवाचार के सहारे खेती को अधिक लाभकारी,टिकाऊ और रोग-मुक्त बनाया जा सकता है।

शासकीय उद्यानिकी महाविद्यालय,जगदलपुर में संचालित आरएचडब्लूई एंड एआईए पाठ्यक्रम के चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों ने इस उच्चस्तरीय ग्राफ्टिंग प्रदर्शन को पूर्णतः स्वयं संचालित कर अपनी व्यावहारिक दक्षता का परिचय दिया। यह प्रयोग न केवल शैक्षणिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि किसानों के लिए भी एक नई उम्मीद बनकर उभरा। विद्यार्थियों ने खेत स्तर पर ग्राफ्टिंग की बारीकियों को समझाते हुए बताया कि सही तकनीक अपनाकर कम लागत में अधिक उत्पादन संभव है।




ग्राफ्टिंग प्रक्रिया में दो अलग-अलग पौधों के भागों को जोड़कर एक नया, अधिक सशक्त पौधा तैयार किया जाता है। इसमें ऊपरी भाग (सायन) उच्च उपज और गुणवत्ता देने वाली किस्म का होता है, जबकि निचला भाग (रूटस्टॉक) मजबूत जड़ प्रणाली प्रदान करता है। इस तकनीक में सायन का चयन अत्यंत महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि यही पौधे की उत्पादकता और गुणवत्ता का आधार बनता है।

ग्राफ्टिंग से तैयार पौधों में रोग प्रतिरोधक क्षमता अधिक होती है, जिससे उकठा, नेमाटोड और जड़ सड़न जैसे रोगों का खतरा कम हो जाता है। बैंगन को रूटस्टॉक के रूप में उपयोग करने से जड़ प्रणाली मजबूत बनती है,पौधों को अधिक पोषक तत्व और जल मिलता है, जिससे उनकी वृद्धि तेज होती है और उत्पादन अवधि लंबी होती है।

# साइकिल योजना से शिक्षा को नई रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव एवं सांसद महेश कश्यप ने विधानसभा क्षेत्र के जगदलपुर, नगरनार और नानगुर मंडलों में

- जगदलपुर विधानसभा में 544 छात्राओं को मिली सीखने की उड़ान
- पोड़ागुड़ा में नवीन हाईस्कूल भवन का लोकार्पण, शिक्षा ढांचे को मजबूती

आयोजित कार्यक्रमों के दौरान सरस्वती साइकिल योजना के तहत 544 छात्राओं को साइकिल वितरित की। इस अवसर पर दोनों अतिथियों ने पोड़ागुड़ा में नवनिर्मित हाईस्कूल भवन का विधिवत लोकार्पण भी किया,जिससे क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था को नई मजबूती मिली।



कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुई। विद्यालय के विद्यार्थियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर वातावरण को उत्साहपूर्ण बना दिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि बेटियों की शिक्षा ही समाज और राष्ट्र के विकास की आधारशिला है। साइकिल वितरण का उद्देश्य केवल सुविधा देना नहीं, बल्कि छात्राओं के आत्मविश्वास को बढ़ाना और उन्हें नियमित शिक्षा से जोड़ना है। वक्ताओं ने विद्यार्थियों से लक्ष्य निर्धारित कर पूरी निष्ठा से अध्ययन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों की बेटियां अपने सपनों को साकार कर सकती हैं। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देवसिंह एवं सांसद महेश कश्यप यह भी बताया गया कि विभिन्न विद्यालयों कलचा, तुरेनार, हाटगुड़ा, आसना, आड़ावाल, नगरनार, मारकेल, धनपुंजी, मगनपुर, माड़पाल, नानगुर, पुसपाल, नेतानार, तिरिया, कुंरदी, पोड़ागुड़ा, बिलोरी एवं बाबूसेमरा में छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। इस पहल से अभिभावकों में भी सकारात्मक संदेश गया कि सरकार शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।

इस दौरान जनपद अध्यक्ष पदलाम नाग, जनपद उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम कश्यप,मंडल अध्यक्ष महेन्द्र सेठिया, हरिराम मंडावी, चंद्रकांत सेठिया,जनपद सदस्य अर्जुन सेठिया सहित जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे।

